# मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल हेतु विधि परामर्शी के पद हेतु विस्तृत विवरण

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल हेतु पूर्णकालिक **विधि परामर्शी** की सेवाएँ ली जानी हैं। रिक्त पदों का विवरण एवं शर्तें निम्नानुसार हैं:

### 1. पद का नाम, संख्या एवं विवरण :

| पद क्रमांक | पद का नाम | पदों की संख्या | प्रकृति |
|---|---|---|---|
| 01 | विधि परामर्शी(अधिकारी) | 01 | पूर्णकालिक |
| 02 | विधि परामर्शी | 01 | पूर्णकालिक |

### 2. आवश्यक योग्यता एवं अनुभव:

**पद क्रमांक 01 हेतु:**

- **अर्हता:** प्रथम श्रेणी अथवा अवर सचिव से अनिम्न पद पर रहे म0प्र0शासन के कार्यरत अथवा सेवानिवृत्त अधिकारी ।
- **अनुभव:** आवेदक के पास विधिक ड्राफ्टिंग एवं न्यायिक प्रकरणों का अनुभव होना अनिवार्य है ।
- **प्रमाण पत्र:** संबंधित विभाग द्वारा प्रदत्त उपरोक्त अनुभव के आशय का प्रमाण पत्र ।

**पद क्रमांक 02 हेतु:**

- **अनुभव:** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यूनतम 100 प्रकरणों में उपस्थिति होना अनिवार्य है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की तीनों खण्डपीठों में संस्थित प्रकरणों में उपस्थित हुये अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी । तीनों खण्डपीठ में उपस्थिति का आवेदन प्राप्त नहीं होने पर उच्च न्यायालय, जबलपुर प्रधान

पीठ के साथ एक अन्य खण्डपीठ में उपस्थिति को प्राथमिकता दी जाएगी । मण्डल द्वारा जारी विज्ञापन दिनॉक के पूर्व की उपस्थिति ही मान्य होगी ।

- **आयु सीमा:** अधिकतम 40 वर्ष।

## 3. नियुक्ति की अवधि :

विधि परामर्शी पद पर नियुक्ति पूर्णत: अनुबंध के आधार पर नियुक्ति दिनाँक से दो वर्ष के लिए होगी ।

## 4. मानदेय :

उपरोक्त पदों हेतु मानदेय **₹10,00,000 (दस लाख रुपये) वार्षिक** निर्धारित किया गया है, अतः उसी अनुपात में प्रतिमाह 83,333/- राशि देय होगी|

**नोट:** उपरोक्त मानदेय के अतिरिक्त कोई अन्य वेतन अथवा वेतन से संबंधित भत्ते देय नहीं होंगे। मुख्यालय से बाहर यात्रा हेतु केवल यात्रा भत्ता मंडल के उपसंचालक के पद के समान देय होगा।

## 5. मुख्य कार्य दायित्व :

विधि परामर्शी द्वारा कार्यालयीन समय पर उपस्थित रहकर निम्नलिखित कार्य किये जाएँगे :

**पद क्रमांक 01 हेतु:**

- मण्डल से संबंधित समस्त न्यायालयीन प्रकरणों की देखरेख एवं मॉनिटरिंग।
- प्रकरणों में प्रभारी अधिकारी एवं पैनल अधिवक्ता की नियुक्ति करना ।
- अन्य विभागों से संबंधित मण्डल के प्रकरणों पर संबंधित विभागों से सामंजस्य स्थापित कर विधिक कार्यवाही करना ।
- न्यायालय द्वारा पारित आदेश के परिप्रेक्ष्य में अग्रिम कार्यवाही करना ।
- पैनल एवं वरिष्ठ अभिभाषकों से विचार-विमर्श करना।

**पद क्रमांक 02 हेतु:**

- मंडल से सम्बंधित समस्त न्यायालयीन प्रकरणों पर विधिक कार्यवाही करना ।
- मंडल के प्रभारी अधिकारियों से सामंजस्य स्थापित कर पैनल अधिवक्ताओं को प्रकरण के सम्बन्ध में तथ्यात्मक जानकारी प्रदान करना, उनसे संपर्क कर जवाबदावा तैयार करवाना एवं परीक्षण करना ।

- जबावदावा परीक्षण उपरांत नोटरी करा कर पैनल अधिवक्ता के माध्यम से माननीय न्यायालय के समक्ष जबावदावा प्रस्तुत करना ।
- आवश्यकता अनुसार उच्च न्यायालय की तीनों खण्डपीठ में पैनल अधिवक्ता के साथ उपस्थित होना ।

**6. चयन प्रक्रिया एवं शर्ते :**

- साक्षात्कार हेतु चयनित उम्मीदवारों को साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए सूचित किया जाएगा ।
- आवेदकों को साक्षात्कार में उपस्थित होने हेतु किसी प्रकार के यात्रा व्यय / दैनिक भत्ते देय नहीं होंगे ।
- चयनित उम्मीदवार द्वारा चयन आदेश जारी होने के 07 दिवस की अवधि में मण्डल कार्यालय में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराना होगी अन्यथा की स्थिति में चयन समिति, चयन आदेश को निरस्त / समाप्त कर सकेगी ।
- परामर्शी को मंडल कार्यालय में नित्य उपस्थिति दर्ज करानी होगी।
- यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी एवं अशासकीय स्वरुप की होगी, अतः मण्डल को यह अधिकार होगा कि परामर्शी की नियुक्ति किसी भी समय बिना किसी कारण बताए निरस्त / समाप्त की जा सकेगी ।
- किसी भी विवाद की स्थिति में मण्डल के संचालक द्वारा लिया गया निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा ।

**7. आवेदन प्रक्रिया :**

इच्छुक उम्मीदवार अपना पूर्ण आवेदन पत्र, शैक्षणिक एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की **स्व-सत्यापित छायाप्रति** के साथ E-Mail Id- vishal.joshi76@mp.gov.in के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से **मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, 'चयन भवन' मेन रोड नं.-1, चिनार पार्क(ईस्ट), भोपाल-462011** में जमा कर सकते हैं। दोनों पदों हेतु पृथक – पृथक आवेदन पत्र के प्रारूप संलग्न है | आवेदक को सम्बंधित प्रारूप में ही आवेदन करना अनिवार्य होगा ।

- **आवेदन की अंतिम तिथि:** 11/03/2026, सायं 05:30 बजे तक। उक्त दिनांक एवं समय पश्चात् प्राप्त किसी भी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**संचालक**
**मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल,**
**भोपाल**

# मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल

## विधि परामर्शी (अधिकारी ) (पद क्रमांक 01) हेतु आवेदन-पत्र

1. **आवेदक का पूर्ण नाम:** ____________________________________________
2. **जन्म तिथि:** ........../........../..........
3. **पता:** ____________________________________________

   ____________________________________________
4. **मोबाइल नंबर एवं ईमेल:** ____________________________________________

5.**विधिक कार्य अनुभव का विवरण:**

| स. क्र. | संस्था/विभाग का नाम | पदनाम | अवधि (कब से कब तक) | कुल वर्ष | कार्य का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

- **यदि सेवानिवृत्त है, तो सेवानिवृत्ति के समय पद एवं विभाग का नाम:**______________________
- **अंतिम आहरित वेतन (Last Pay Drawn):** ______________________
- **विधिक ड्राफ्टिंग अनुभव (वर्षों में):** ________________ (विभाग द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र संलग्न करें)

**6. घोषणा:**मैं यह घोषित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी सत्य एवं सही है।यदि कोई भी जानकारी असत्य पाई जाती है, तो मेरी उम्मीदवारी / नियुक्ति बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त की जा सकती है।

**दिनांक:** __________

**स्थान:** __________

**संलग्नक (Self-Attested):**

1. विभाग द्वारा प्रदत्त विधिक कार्य/ ड्राफ्टिंग अनुभव प्रमाण पत्र।
2. पहचान पत्र (आधार कार्ड)।

**आवेदक के हस्ताक्षर ...................................**

**आवेदक का नाम ..............................................**

# मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल

## विधि परामर्शी (पद क्रमांक 02) हेतु आवेदन-पत्र

1. **आवेदक का पूर्ण नाम:** ____________________________________________
2. **जन्म तिथि:** ........../........../..........
3. **पता:** ____________________________________________

   ____________________________________________

   **मोबाइल नंबर एवं ईमेल:** ____________________________________________

**4. शैक्षणिक योग्यता :**

| स. क्र. | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण वर्ष | विषय | प्रतिशत/ CGPA |
|---|---|---|---|---|---|
| | एल.एल.बी. (LLB) | | | | |
| | एल.एल.एम. (LLM) | | | | |

**5. (अ) विधिक कार्य अनुभव का विवरण:**

| स. क्र. | संस्था/विभाग का नाम | पदनाम | अवधि (कब से कब तक) | कुल वर्ष | कार्य का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**(ब) मान. न्यायालय के समक्ष प्रकरणों में उपस्थिति का विवरण :**

विधिक प्रकरणों में मान. न्यायालय के समक्ष उपस्थिति का विवरण **परिशिष्ट 01** में अंकित तालिका में प्रदान करना अनिवार्य है | सम्बंधित आदेश की प्रति सलग्न करते हुए तालिका के अंतिम कॉलम में सलग्नक क्रमांक अवश्य अंकित करें।

**10. घोषणा:** मैं यह घोषित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी सत्य एवं सही है।यदि कोई भी जानकारी असत्य पाई जाती है, तो मेरी उम्मीदवारी / नियुक्ति बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त की जा सकती है।

**दिनांक:** __________

**स्थान:** __________

**संलग्नक (Self-Attested):**

1. विधि स्नातक/स्नातकोत्तर अंकसूची एवं उपाधि।
2. विधिक कार्य / माननीय उच्च न्यायायलय के समक्ष प्रकरणों में उपस्थिति का प्रमाण (आदेश की प्रति सहित )।
3. पहचान पत्र (आधार कार्ड)।

**आवेदक के हस्ताक्षर ...................................**

**आवेदक का नाम .............................................**

**परिशिष्ट – 01**

**1. विधिक प्रकरणों में मान. न्यायालय के समक्ष उपस्थिति का विवरण:-**

| स. क्र. | उच्च न्यायालय खंडपीठ का नाम | प्रकरण का प्रकार एवं क्रमांक | उपस्थिति दिनांक | सलग्नक क्र. |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |